>

Title: Need to provide better rail connectivity to Lohardaga Parliamentary Constituency, Jharkhand.

श्री सुदर्शन भगत (लोहरदगा): मेरा संसदीय क्षेत्र लोहरदगा एक आदिवासी बहुल क्षेत्र है। यहां की जनता आवागमन के साधनों विशेषकर रेल यातायात के अभाव में जीवनयापन करने लिए विवश है। इस क्षेत्र में रेल यातायात की कमी के कारण यहां की जनता के हर वर्ग पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, जैसेकि व्यापारियों, किसानों, विद्यार्थियों, मजदूरों, महिलाओं और इलाज के लिए शहरों की ओर जाने वाले मरीजों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। रेल लाइनों की कमी के कारण यहां की जनता शहरों से नहीं जड़ पा रही है जिसके कारण यहां की जनता के जीवनस्तर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। मैं क्षेत्रीय जनता की समस्याओं को ध्यान मे रखते हुए सरकार से निम्नलिखित समस्याओं के जल्द से जल्द समाधान की अपेक्षा रखता हूं।

(1) लोहरदगा से कोरबा, वाया-गुमला, जसपुर रेलवे लाइन बनाई जाए।

(2) लोहरदगा से झाड़सूगड़ा, वाया-गुमला, जशपुर रेलवे लाइन बनाई जाए।

(3) लोहरदगा से दूरी रेलवे परियोजना को जल्द से जल्द पूरा किया जाए।

(4) धनबाद ऐल्लेपी एक्सप्रेस का ठहराव पोकला स्टेशन पर अवश्य कराया जाए।

(5) लोहरदगा रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ का पुलिस स्टेशन अविलंब बनाया जाए।

रेलवे से जुड़ी उपरोक्त सभी समस्याओं का समाधान होने से क्षेत्र के विकास में गति आएगी और क्षेत्र की जनता को राहत मिल सकेगी।